उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः–30.04.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 30.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

@MahobaPolice

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:-30.04.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सेवानिवृत्त उपनिरीक्षकों को सम्मानपूर्वक भावुक विदाई

आज दिनांक 30.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 उपनिरीक्षकगण श्री संजीव कुमार, श्री मिथिलेश कुमार मिश्रा एवं श्री रामबहादुर को पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर भावुक विदाई दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षकों के दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवा काल की सराहना करते हुए कहा गया कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ किया है, जो अन्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार द्वारा भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सेवा काल के अनुभवों को प्रेरणादायक बताया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया।

विदाई समारोह में उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा भी सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा किए गए, जिससे वातावरण भावुक हो गया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सम्मानपूर्ण विदाई के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह समारोह सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।